**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक–03.04.2024 (संध्या 1900 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **चुनाव आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों के साथ की बैठक, अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने का दिया निर्देश।**
2. **केंद्रीय कृशि और जनजातीय कार्य मंत्री सह खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्त्ताओं से चुनावी रणनीति पर किया विचार–विमर्श।**
3. **ईडी ने वसूली, अवैध बालू खनन और जमीन पर कब्जा मामले को लेकर पूर्व मंत्री योग्रेंद्र साव से आज की पूछताछ, कल विधायक अंबा प्रसाद को किया तलब।**

**और**

4. **झारखंड हाईकोर्ट ने सचिवालय मार्च मामले में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी समेत 27 नेताओं की याचिका पर हुई सुनवाई, पीड़क कार्रवाई पर कोर्ट ने लगाई रोक।**

**और अब समाचार विस्तार से।**

*******************

चुनाव आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और पुलिस महानिदेशकों को अवैध शराब, नकदी, ड्रग्स, हथियारों और मुफ्त वस्तुओं की आमद को रोकने के लिए अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया है। आयोग ने उन्हें 2024 में शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त आम चुनाव सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने कानून और व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा और आकलन करने के लिए आज नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के साथ बैठक की। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और प्रलोभन मुक्त चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। श्री कुमार ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि प्रत्येक मतदाता बिना किसी डर या भय के अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग कर सके। बैठक के दौरान, आयोग ने अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र जैसे 11 राज्यों के चुनौतीपूर्ण क्षेत्रों में मतदान टीमों को पहुंचाने के लिए भारतीय वायु सेना और राज्य नागरिक उड्डयन विभाग से समर्थन की भी समीक्षा की।

*******************

केंद्रीय कृषि मंत्री और खूंटी से भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा ने आज तमाड़ विधानसभा क्षेत्र में कार्यकर्त्ताओं से चुनावी रणनीति पर विचार विमर्श किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महापर्व है। उन्होंने कहा कि मतदान का उपयोग हर एक नागरिक को करना चाहिए। इससे प्रजातांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ बनाया जा सकता है।

**साउंड बाइट – अर्जुन मुंडा, खूंटी – 43 सेकेंड**

*******************

रांची स्थित प्रवर्तन निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय में आज पूर्व मंत्री योग्रेंद्र साव से पूछताछ की जा रही है। कल ईडी विधायक अंबा प्रसाद से पूछताछ करेगी। वसूली, अवैध बालू खनन और जमीन पर कब्जा को लेकर ईडी ने 12 मार्च को विधायक अंबा प्रसाद और उनके करीबियों के 20 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इस मामले में आज पूर्व मंत्री योग्रेंद्र साव से पूछताछ की जा रही

है। इससे पहले सीओ शशिभूषण से भी पूछताछ की गई थी। सीओ शशिभूषण का कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद और उनके पूरे परिवार के साथ अच्छा संबंध रहा है।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने **नमो ऐप** के माध्यम से आज डिजिटल रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से रिकॉर्ड जीत दर्ज करने के लिए बूथ स्तर पर उत्कृष्ट तैयारी करने को कहा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सभी पुराने मतदान रिकॉर्ड तोड़ने के संकल्प के साथ काम करने और आसपास के विकास के बारे में जागरूक रहने को कहा। इस डिजिटल रैली में उत्तर प्रदेश में तीसरे चरण में मतदान होने वाली सीटों के कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

*******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।
ताजा समाचार **एक्स** हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज
All India Radio news पर भी उपलब्ध है।
आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल
@AIR news **अंडर स्कोर**_ranchi
और
फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा
YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi
पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।
प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*******************

निर्वाचन आयोग ने इस बार लोक सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत 80 से ऊपर रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इसके तहत चतरा जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विस्तृत जानकारी के साथ हमारे संवाददाता –

**साउंड बाईट – प्रशांत जयवर्द्धन, चतरा – 49 सेकेंड**

*******************

झारखंड हाईकोर्ट में आज भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, सांसद अर्जुन मुंडा और संजय सेठ सहित 27 भाजपा नेताओं की ओर से धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं के खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मामले की अगली सुनवाई आठ मई को होगी। उल्लेखनीय है कि 11 अप्रैल, 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हुई थी। मामले को लेकर धुर्वा थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

*******************

पूर्व विदेश मंत्री यशवंत सिन्हा ने आज हजारीबाग में लोकसभा चुनाव को लेकर शंखनाद कर दिया है। उन्होंने कांग्रेस उम्मीदवार जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में चुनाव प्रचार किए। उन्होंने कहा कि 40 साल से वो हजारीबाग से संबंध स्थापित किए हुए हैं। उन्होंने कहा कि राजनीति का उद्देश्य अपना प्रमोशन नहीं बल्कि जनता की सेवा होनी चाहिए.

*******************

एसीबी की टीम ने चतरा के टंडवा में संचालित आम्रपाली कोल परियोजना के डिस्पैच अधिकारी सुधांशु शर्मा को घूस लेते हुए गिरफ्तार किया है। एसीबी को इस कोल परियोजना में कार्य के

बदले रकम मांगने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। पिछले दिनों भी एसीबी टीम ने एक अधिकारी को गिरफ्तार किया था।

******************

गोड्डा जिले के विभिन्न स्थानों पर 'स्वीप' के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की दीदी–सखिओं ने जिले के सुदूर आदिम जनजाति बहुल सुंदर पहाड़ी प्रखंड में मतदाताओं को जागरूक किया। इस दौरान पोस्टर, रंगोली एवं स्लोगन लेखन के माध्यम से उन्हें मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

******************

**<u>और अब कुछ संक्षिप्त खबरें–</u>**

- गुमला में स्थित शहीद तेलंगा खड़िया स्टेडियम में चल रहे जेएससीए इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 19 प्लेट ग्रुप क्रिकेट टूर्नामेंट में आज गुमला की टीम ने गढ़वा की टीम को 6 विकेट से पराजित कर इंटर डिस्ट्रिक्ट टूर्नामेंट के सुपर लीग में अपनी जगह पक्की कर ली।
- जामताड़ा जिले के नाला थाना अंतर्गत आसनसोल दुमका मुख्य मार्ग के महेशमुंडा चेक पोस्ट पर आज वाहन जांच के दौरान एक बोलेरो से पुलिस ने नगदी 6 लाख 40 हजार रुपए बरामद किया है। पुलिस चालक सहित वाहन में सवार अन्य तीन व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।
- साहिबगंज जिले के उपायुक्त हेमंत सती ने आज जिला समाज कल्याण द्वारा संचालित वृद्धा आश्रम, सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्पलाइन समेत बालक–बाल गृह का निरीक्षण किया।
- जमशेदपुर, के सीतारामडेरा थाना पुलिस ने अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इनके पास से तिरपन किलो गांजा और नकदी बरामद की है। पुलिस की गिरफ्त में आए सभी तस्कर बिहार के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

*******समाप्त**********